RAF SECTOR
NEWS CLIP
11/05/2022

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Bhaskar, Jaipur, (RAJ)

रैपिड एक्शन फोर्स का फ्लैग मार्च, बलारां में सर्वसमाज ने पुष्प वर्षा की

लक्ष्मणगढ़ शहर, बलारां तथा नेछवा थाना में इलाके में किया फ्लैग मार्च

भास्कर न्यूज | लक्ष्मणगढ़

पिछले दिनों प्रदेश में हुई साम्प्रदायिक तनाव की घटनाओं के बाद आमजन में सुरक्षा तथा विश्वास का कायम रखने के उद्देश्य से दंगा रोधी रेपिड एक्शन फोर्स की कंपनी ने फ्लैगमार्च किया। लक्ष्मणगढ़ सर्किल के तीनों थानों लक्ष्मणगढ़ शहर, बलारां तथा नेछवा थाना इलाकों में फोर्स की टुकड़ी तथा सम्बन्धित थाने के जाब्ते ने सशस्त्र फ्लैगमार्च कर लोगों को दंगो एवं कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होने पर हर परिस्थिति से निबटने तथा आमजन की जान माल की रक्षा के लिए त्वरित गति से तैयार रहने का संदेश दिया।

डीएसपी श्रवण झोरड़, लक्ष्मणगढ़ थानाधिकारी अशोक चौधरी, बलारां थानाधिकारी बाबूलाल मीणा तथा नेछवा थानाधिकारी विमला की अगुवाई में निकाले गए मार्च पर बलारां कस्बे

में पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया।

सर्व समुदाय ने पुष्प वर्षा से स्वागत कर दिलाया शांति व भाईचारा कायम रखने का विश्वास- देश प्रदेश में कुछ असामाजिक तत्वों की वजह से उपजने वाले साम्प्रदायिक तनाव के खिलाफ उपखण्ड के बलारां कस्बे के सर्व समुदाय के लोंगो ने एकजुटता व भाई चारा कायम रखने का संदेश देने के लिए फ्लैगमार्च करने पहुंची रेपिड एक्शन फोर्स की टुकड़ी पर कस्बे के रामलीला मैदान में सर्व समुदाय के लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर महंत विष्णु प्रसाद,ईमाम खलील अहमद, पंचायत समिति सदस्य व कांग्रेस नेता जैनुअल आबेदीन,भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष रामावतार व्यास,भाजपा उपाध्यक्ष नरेंद्र सारस्वत, सामाजिक कार्यकर्ता जगदीश माहिच,अमित कुमावत, गोपाल चंदोलिया, मौलाना नूर आलम,अमरनाथ, पंडित पप्पू हरितवाल, हनीफ खां, ताराचंद मेघवाल, उप सरपंच मोहसीन, हाजी निसार खान,राजू चंदोलिया, सांसद प्रतिनिधि नथमल टेलर सहित सर्वसमुदाय के लोग थे।

Photos of Deployment/Fam-Ex/Other Activities of RAF

100BN RAF FAM-EX DUTY U/PS HARNI & PANIGATE, VADODARAM, (GUJARAT)

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।